www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Series 5QSPR**

**SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **66/5/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं। [ ]
Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

prepp
Your Personal Exams Guide

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं।*

*(iii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए।*

*(iv)* ***3** अंकों के प्रश्नों के उत्तर 50 से 75 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(v)* ***4** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vi)* ***6** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

*प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक **1** अंक का है।* *20×1=20*

**1.** एक स्मार्टफोन निर्माता कम्पनी के उच्च प्रबन्धन ने हाल ही में यह देखा कि सरकार ने स्मार्टफोन में प्रयोग की जाने वाली बैटरी को अतितापन से बचाने के लिए नए सुरक्षा मानकों के आदेश पारित किए हैं। उसने यह भी देखा कि सरकार ने मोबाइल फोन में प्रयुक्त पुरज़ों पर आयात शुल्क में कमी की घोषणा की है।

व्यावसायिक पर्यावरण के वे आयाम जिन पर उपर्युक्त स्थिति में प्रकाश डाला गया है, वे हैं :

(A) प्रौद्योगिकीय एवं विधिक पर्यावरण

(B) राजनीतिक एवं प्रौद्योगिकीय पर्यावरण

(C) विधिक एवं सामाजिक पर्यावरण

(D) राजनीतिक एवं विधिक पर्यावरण

Prepp
Your Personal Exams Guide

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Answers should be brief and to the point.*

*(iv)* *Answers to questions carrying **3** marks may be from 50 to 75 words.*

*(v)* *Answers to questions carrying **4** marks may be in about 150 words.*

*(vi)* *Answers to questions carrying **6** marks may be in about 200 words.*

*(vii)* *Attempt all parts of a question together.*

*Questions no. **1** to **20** are Multiple Choice Questions (MCQs), carrying **1** mark each.* *20×1=20*

**1.** The top management of a smartphone manufacturing company recently observed that the government has ordered new safety standards for batteries used in smartphones to prevent overheating. It also noticed that the government announced a reduction in import duties on components used in mobile phones.

The dimensions of business environment highlighted in the above case are :

(A) Technological and legal environments

(B) Political and technological environments

(C) Legal and social environments

(D) Political and legal environments

Prepp Your Personal Exams Guide

**2.** 'टैन्गी बीवरेज़िज लिमिटेड' अपने लोकप्रिय खट्टे फलों के रस के लिए प्रसिद्ध है। इसने हाल ही में फलों के रस की एक नई श्रृंखला पेश की, जो उपभोक्ताओं के बीच तुरंत प्रसिद्ध (हिट) हो गई और इससे कम्पनी के लाभों में काफी बढ़ोतरी हुई। परिणामस्वरूप, निदेशक मंडल इस वर्ष के लिए अधिक लाभांश घोषित करना चाहते थे। मुख्यवित्तीय अधिकारी ने सुझाव दिया कि निर्णय लेने से पहले वे पिछले वर्षों में शेयर मूल्यपर लाभांश के प्रभाव का मूल्यंकन करें। एक विश्लेषण किया गया, जिससे पता चला कि किस प्रकार पिछले वर्षों में जब भी लाभांश बढ़ाया गया कम्पनी के शेयर मूल्यबढ़ गए। जबकि दूसरी ओर लाभांश में थोड़ी-सी कमी से शेयर मूल्यमें उल्लेखनीय गिरावट देखी गई।

उपर्युक्त स्थिति में मुख्यवित्तीय अधिकारी द्वारा निदेशक मंडल को निम्नलिखित में से लाभांश निर्णय को प्रभावित करने वाले किस घटक का सुझाव दिया गया ?

(A) पूँजी बाज़ार तक पहुँच

(B) शेयर बाज़ार प्रतिक्रिया

(C) अंशधारियों की प्राथमिकता

(D) रोकड़ प्रवाह स्थिति

**3.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) तथा कारण (R)।

*अभिकथन (A) :* साधारण शक्तियाँ जैसे सामाजिक, राजनीतिक, विधिक तथा प्रौद्योगिकीय स्थितियाँ किसी व्यक्तिगत फर्म को केवल अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं।

*कारण (R) :* साधारण शक्तियों का सभी व्यावसायिक उद्यमों पर प्रभाव होता है, इसके विपरीत, विशिष्ट शक्तियाँ उनके दिन-प्रतिदिन के कामकाज़ में व्यक्तिगत फर्मों को तुरंत एवं प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों ग़लत हैं।

(D) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

Prepp Your Personal Exams Guide

2. 'Tangy Beverages Ltd.' was known for its popular tangy fruit drinks. It had recently introduced a new range of fruit drinks that became an instant hit among consumers and led to a significant increase in the company's profits. As a result, the Board of Directors wanted to declare a higher dividend for the year. The Chief Finance Officer suggested that they should evaluate the impact of dividend on the share price of previous years before taking a decision. An analysis was done, which showed how the company's share price had risen in previous years whenever the dividend was increased. On the other hand, even a small decrease in dividend had led to a noticeable dip in the share price.

Which of the following factors affecting dividend decision was suggested by the Chief Finance Officer to the Board of Directors in the above case ?

(A) Access to capital market

(B) Stock market reaction

(C) Shareholders preference

(D) Cash flow position

3. Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R).

*Assertion (A) :* General forces such as social, political, legal and technological conditions affect an individual firm only indirectly.

*Reason (R) :* General forces have an impact on all business enterprises, in contrast to, specific forces that affect individual firms directly and immediately in their day-to-day working.

Choose the correct alternative from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Both Assertion (A) and Reason (R) are incorrect.

(D) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**4.** किसी उत्पाद के मूल्यनिर्धारण को प्रभावित करने वाले तत्त्वों में से एक तत्त्व 'मूल्यनिर्धारण का उद्देश्य' है। निम्नलिखित में से किस मूल्यनिर्धारण उद्देश्य के परिणामस्वरूप उत्पाद के लिए ज्यादा मूल्य निश्चित किया जाएगा ?

(A) बाज़ार हिस्सेदारी में अग्रणी/नेतृत्व प्राप्त करना

(B) प्रतियोगी बाज़ार में टिके रहना

(C) उत्पाद गुणवत्ता में नेतृत्व/अग्रिम स्थान प्राप्त करना

(D) दीर्घ-अवधि में अधिकतम लाभ प्राप्त करना

**5.** ''प्रबन्ध के सिद्धांतों का प्रयोग एक विशेष समय की मौजूदा परिस्थितियों पर निर्भर करता है।'' यह कथन निम्नलिखित में से प्रबन्ध के सिद्धांतों की किस विशेषता पर प्रकाश डालता है ?

(A) सामान्य मार्गदर्शन

(B) लोचपूर्ण

(C) मुख्यत: व्यावहारिक

(D) अनिश्चित

**6.** 'रिन्यू लिमिटेड' इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में प्रथम अन्वेषक था और वर्तमान में उसका बाज़ार अंश 70% है। लोगों में पर्यावरण के प्रति बढ़ती हुई जागरूकता तथा कम प्रचालन लागतों के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों की तेज़ी से बढ़ती हुई माँग को ध्यान में रखते हुए, कम्पनी ने वर्तमान वर्ष में अपने बाज़ार अंश को 80% तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया। फिर भी, सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए दिए जाने वाले प्रोत्साहनों ने बाज़ार में बहुत से नए प्रतिस्पर्धियों को आकर्षित किया। क्योंकि व्यावसायिक पर्यावरण में यह परिवर्तन अचानक हुआ, कम्पनी सही ढंग से भविष्य की प्रवृत्तियों का अनुमान लगाने में असमर्थ रही। परिणामस्वरूप, 'रिन्यू लिमिटेड' का बाज़ार अंश वर्तमान वर्ष में 70% से घटकर 55% हो गया।

उपर्युक्त स्थिति में नियोजन की किस सीमा पर चर्चा की गई है ?

(A) नियोजन परिवर्तनशील वातावरण में प्रभावी नहीं रहता

(B) नियोजन दृढ़ता उत्पन्न करता है

(C) नियोजन सफलता का आश्वासन नहीं है

(D) नियोजन में भारी लागत आती है

Prepp
Your Personal Exams Guide

**4.** One of the factors affecting price determination of a product is 'Pricing Objectives'. Which of the following pricing objectives will result in a higher price being fixed for the product ?

(A) Obtaining market share leadership

(B) Surviving in a competitive market

(C) Attaining product quality leadership

(D) Profit maximisation in the long run

**5.** "The application of principles of management is dependent upon the prevailing situation at a particular point of time." This statement highlights which of the following features of principles of management ?

(A) General guidelines

(B) Flexible

(C) Mainly behavioural

(D) Contingent

**6.** 'Renew Ltd.' was the pioneer in the Electric Vehicles segment and presently has 70% market share. Keeping in mind the rapidly increasing demand for Electric Vehicles due to the rising environment consciousness among people and lower operating costs, the company set a target to increase its market share to 80% in the current year. However, the incentives provided by the government to encourage manufacturing of Electric Vehicles attracted many new players in the market. As this change in the business environment happened suddenly, the company was not able to accurately assess future trends. As a result, the market share of 'Renew Ltd.' fell from 70% to 55% in the current year.

Which limitation of planning has been discussed in the above case ?

(A) Planning may not work in a dynamic environment

(B) Planning leads to rigidity

(C) Planning does not guarantee success

(D) Planning involves huge costs

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** मास्लो के आवश्यकता-क्रम अभिप्रेरणा के सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

(A) व्यक्तियों का व्यवहार उनकी आवश्यकताओं पर निर्भर करता है।

(B) व्यक्तियों की आवश्यकताएँ एक क्रम श्रृंखला में होती हैं, आधारभूत आवश्यकताओं से प्रारंभ होकर अन्य उच्च-स्तरीय आवश्यकताओं तक।

(C) एक आवश्यकता की संतुष्टि ही उस व्यक्ति को अभिप्रेरित कर सकती है।

(D) एक व्यक्ति क्रम में अगले उच्चतर स्तर की आवश्यकता तभी अनुभव करता है जब उसके निचले स्तर की आवश्यकता की संतुष्टि हो जाती है।

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक एक कंपनी की पूँजी संरचना को प्रभावित ***नहीं*** करता ?

(A) रोकड़ प्रवाह स्थिति
(B) निवेश पर प्रत्याय (आय)
(C) वित्तीयन विकल्प
(D) शेयर बाज़ार की दशाएँ

**9.** चित्र I से चित्र II में विपणन प्रबन्ध अवधारणा (दर्शन) में हुए परिवर्तन को पहचानिए :



टेलीविजन का बड़े पैमाने पर उत्पादन

चित्र I



टेलीविजन का उपयोग एक कम्प्यूटर मॉनीटर के रूप में

चित्र II

(A) उत्पादन अवधारणा से उत्पाद अवधारणा

(B) उत्पादन अवधारणा से सामाजिक विपणन अवधारणा

(C) सामाजिक विपणन अवधारणा से उत्पादन अवधारणा

(D) उत्पाद अवधारणा से उत्पादन अवधारणा

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **9** के स्थान पर है।*

किसी उत्पाद को एक नाम या एक चिह्न या कोई प्रतीक आदि, देने की प्रक्रिया जानी जाती है :

(A) ब्राण्ड
(B) ब्रांडिंग
(C) लेबलिंग
(D) पैकेजिंग

Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** Which of the following statements is ***incorrect*** with reference to Maslow's Need Hierarchy Theory of motivation ?

(A) People's behaviour is based on their needs.

(B) People's needs are in hierarchical order, starting from basic needs to other higher level needs.

(C) Only a satisfied need can motivate a person.

(D) A person moves to the next higher level of the hierarchy only when the lower need is satisfied.

**8.** Which of the following is ***not*** a factor affecting capital structure of a company ?

(A) Cash flow position (B) Return on investment

(C) Financing alternatives (D) Stock market conditions

**9.** Identify the shift in the marketing management philosophy from Picture I to Picture II.



Mass Production of Televisions

Picture I



Use of Television as a Computer Monitor

Picture II

(A) From Production concept to Product concept

(B) From Production concept to Societal marketing concept

(C) From Societal marketing concept to Production concept

(D) From Product concept to Production concept

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No.* ***9****.*

The process of giving a name or a sign or a symbol etc., to a product is known as :

(A) Brand (B) Branding

(C) Labelling (D) Packaging

Prepp Your Personal Exams Guide

**10.** 'डक्कन मोटर्स लिमिटेड' का भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नाम है। यह व्यावसायिक वाहनों जैसे बस, ट्रक तथा लॉरी और साथ ही यात्री वाहनों जैसे कार, स्कूटर आदि दोनों में व्यापार करती है। वर्तमान में इसका संगठनात्मक ढाँचा कार्यात्मक है। निदेशक मंडल ने अब इसे प्रभागीय ढाँचे में परिवर्तित करने का निर्णय लिया, जिसमें व्यावसायिक वाहनों तथा यात्री वाहनों के लिए अलग-अलग विभाग होंगे।

प्रभागीय ढाँचे में परिवर्तन के परिणामस्वरूप कम्पनी को जो लाभ मिलेगा उसे पहचानिए :

(A) इससे लचीलेपन और पहल को प्रोत्साहन मिलेगा क्योंकि प्रत्येक विभाग एक स्वायत्त इकाई की तरह कार्य करेगा।

(B) इससे प्रयासों की पुनरावृत्ति कम होगी, जिसके परिणामस्वरूप पैमाने के लाभ मिलेंगे।

(C) इससे कर्मचारियों का प्रशिक्षण आसान होगा क्योंकि केन्द्र-बिन्दु सीमित कौशल श्रृंखला होगी।

(D) इससे व्यावसायिक विशिष्टीकरण को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि विशिष्ट कार्यों पर बल दिया जाएगा।

**11.** एक अधीनस्थ को सौंपे गए कार्य को भली-भाँति निष्पादित करने का दायित्व जाना जाता है __________।

(A) अंतरण (B) उत्तरदेयता

(C) उत्तरदायित्व (D) अधिकार

**12.** एक सॉफ़्टवेयर कम्पनी अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहती है। इसके लिए उसे बड़ी संख्या में नए स्नातकों की आवश्यकता है जिनके पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तथा आँकड़ा विश्लेषण (डेटा ऐनालेटिक्स) के क्षेत्र में अभिनव विचार हों। विद्यमान स्टॉफ के सदस्य इन विशिष्ट कौशलों से संपन्न नहीं हैं अत: कार्यालय के स्वागत कक्ष पर एक नोटिस लगाया गया जिसमें वर्तमान कर्मचारियों से अपने मित्र या संबंधी को परिचित कराने के लिए कहा गया, जिनके पास संभवत: कार्य के लिए आवश्यक कौशल हो सकते हैं।

सॉफ़्टवेयर कम्पनी द्वारा उपयोग में लाया गया भर्ती का स्रोत है :

(A) प्रत्यक्ष भर्ती

(B) कर्मचारियों द्वारा अनुशंसा

(C) स्थानान्तरण

(D) पदोन्नति

**10.** 'Deccan Motors Ltd.' is a renowned name in the automobile sector in India. It deals in both commercial vehicles like bus, truck and lorries, as well as passenger vehicles like cars, scooters, etc. It presently has a functional organisational structure. The Board of Directors have now decided to shift to divisional structure, with separate divisions for commercial vehicles and passenger vehicles.

Identify the benefit the company will get as a result of shifting to divisional structure :

(A) It will promote flexibility and initiative because each division will function as an autonomous unit.

(B) It will lead to minimal duplication of effort, which will result in economies of scale.

(C) It will make training of employees easier as the focus will be on limited range of skills.

(D) It will lead to occupational specialisation since emphasis will be placed on specific functions.

**11.** Obligation of a subordinate to properly perform the assigned duty is known as ____________.

(A) Delegation (B) Accountability

(C) Responsibility (D) Authority

**12.** A software company wants to expand its business. For this, it requires a large number of fresh graduates with innovative ideas in the field of Artificial Intelligence and Data Analytics. The existing staff members do not possess these specialized skills, so a notice was put up at the reception of the office asking the present employees to introduce any friend or relative who could possibly be possessing the required skills for the jobs.

The source of recruitment that has been used by the software company is :

(A) Direct Recruitment

(B) Recommendation of employees

(C) Transfer

(D) Promotion

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

*कथन I :* एक पेशे में प्रवेश न तो किसी परीक्षा के माध्यम से और न ही कोई शैक्षिक उपाधि प्राप्त करने से प्रतिबंधित है।

*कथन II :* किसी भी व्यावसायिक उद्यम में किसी भी व्यक्ति को प्रबंधक के रूप में मनोनीत करने अथवा नियुक्‍तकरने पर कोई प्रतिबंध नहीं है चाहे शैक्षिक योग्‍यता कोई भी हो।

दिए गए कथनों के प्रकाश में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है तथा कथन II सत्य है।

(C) कथन I तथा कथन II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I तथा कथन II दोनों असत्य हैं।

**14.** एक अग्रणी समाचार-पत्र कम्पनी ने देखा कि प्रतिस्पर्धी वेतन का भुगतान करने के बावजूद भी बहुत से प्रतिभाशाली संपादक त्‍यागपत्र दे रहे थे। एक आन्तरिक सर्वेक्षण करने के बाद यह ज्ञात हुआ कि कर्मचारी असंतुष्‍टथे क्योंकि उन्हें अन्य प्रतिस्पर्धी फर्मों के कर्मचारियों की भाँति वेतन के अतिरिक्त कोई लाभ नहीं दिया जाता था। यह समझते हुए कि ऐसे अतिरिक्‍तलाभ कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, प्रबन्धन ने कार-भत्ता, घर की सुविधा, चिकित्सा लाभ आदि देने का निर्णय लिया ताकि कर्मचारियों को संगठन में बनाए रखा जा सके और उनकी संतुष्‍टिमें सुधार हो।

उस प्रोत्साहन को पहचानिए जिसे समाचार-पत्र कम्पनी ने अपने कर्मचारियों को देने का निर्णय लिया :

(A) बोनस

(B) सेवानिवृत्ति लाभ

(C) अनुलाभ (परक्विजिट्स)

(D) लाभ में भागीदारी

prepp Your Personal Exams Guide

**13.** Read the following statements carefully :

*Statement I* : The entry to a profession is not restricted either through an examination or through acquiring an educational degree.

*Statement II* : There is no restriction on anyone being designated or appointed as a manager in any business enterprise irrespective of the educational qualifications possessed.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statement I and Statement II are true.

(D) Both Statement I and Statement II are false.

**14.** A leading newspaper company noticed that many of its talented editors were resigning despite being paid competitive salaries. On conducting an internal survey, it was revealed that employees were dissatisfied as they were not being offered benefits over and above the salary, like the employees of other competitive firms. Realising that such additional benefits play an important role in motivating employees, the management decided to provide car allowance, housing facilities, medical benefits, etc. to retain employees in the organisation and improve their satisfaction.

Identify the incentive that the newspaper company decided to provide to their employees :

(A) Bonus

(B) Retirement benefits

(C) Perquisites

(D) Profit sharing

www.prepp.in
prepp Your Personal Exams Guide

**15.** कॉलम-I में दिए गए योजना के प्रकार का कॉलम-II में दिए गए इसके अर्थ से मिलान कीजिए :

| | *कॉलम-I* | | *कॉलम-II* |
|---|---|---|---|
| a. | नीति | (i) | उस तरीके या व्यवहार को निर्धारित करती है जिसके द्वारा उद्देश्य के अनुसार एक कार्य को निष्पदित किया जाता है। |
| b. | कार्यक्रम | (ii) | एक परियोजना के विषय में विस्तृत्त विवरण जो आवश्यक उद्देश्यों, नीतियों, कार्यविधियों, नियमों, कार्यों, मानवीय तथा भौतिक संसाधनों तथा किसी कार्य को करने के बजट की रूपरेखा बनाते हैं। |
| c. | विधि | (iii) | व्यावसायिक पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने की एक व्यापक योजना। |
| d. | व्यूह-रचना | (iv) | एक सामान्य कथन जो विचारों का मार्गदर्शन करता है या कर्मशक्ति को एक विशिष्ट दिशा में अग्रसर करता है। |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)

(B) a-(iv), b-(ii), c-(i), d-(iii)

(C) a-(iv), b-(ii), c-(iii), d-(i)

(D) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)

**16.** एक डिपॉजिटरी प्रतिभागी (DP) के साथ डीमैट खाता खोलने का उद्देश्य है :

(A) डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को धारण करना और स्थनान्तरित करना

(B) दलाल के साथ कोई समझौता करना

(C) प्रतिभूतियों के किसी भी क्रय के लिए शेयर बाज़ार को भुगतान करना

(D) प्रतिभूति बाज़ार में नगद लेनदेनों को सक्षम बनाना

Prepp Your Personal Exams Guide

**15.** Match the type of plan given in Column-I with its meaning in Column-II :

| | *Column-I* | | *Column-II* |
|---|---|---|---|
| a. | Policy | (i) | Prescribed way or manner in which a task has to be performed considering the objective. |
| b. | Programme | (ii) | Detailed statement about a project which outline the objectives, policies, procedures, rules, tasks, human and physical resources required and the budget to implement any course of action. |
| c. | Method | (iii) | A comprehensive plan for accomplishing an organisation's objectives, taking business environment into consideration. |
| d. | Strategy | (iv) | A general statement that guides thinking or channelises energies towards a particular direction. |

Choose the correct alternative from the following :

(A) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)

(B) a-(iv), b-(ii), c-(i), d-(iii)

(C) a-(iv), b-(ii), c-(iii), d-(i)

(D) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)

**16.** The purpose of opening a Demat Account with a Depository Participant (DP) is :

(A) For holding and transferring securities in the Demat form

(B) For entering into an agreement with broker

(C) For making payment to stock exchange for any purchase of securities

(D) For enabling cash transactions in the securities market

**17.** नियुक्तिकरण प्रक्रिया का वह चरण जिसमें किसी कर्मचारी की वर्तमान और/या भूतपूर्व निष्पादन का कुछ पूर्व-निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है :

(A) अनुस्थापन तथा अभिविन्यास

(B) निष्पादन मूल्यांकन

(C) पदोन्नति एवं कैरियर नियोजन

(D) भर्ती

**18.** निम्नलिखित में से किसमें कार्यशील पूँजी की आवश्यकता अधिक (उच्च) होगी ?

(A) व्यापारिक संगठन में

(B) लघु प्रसंस्करण चक्र में

(C) उच्च-स्तरीय प्रतियोगिता में

(D) देनदारों के प्रति कठोर उधार नीति से

**19.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

*कथन I* : लोकतांत्रिक नेतृत्व शैली में, अनुयायियों को अपने उद्देश्यों और उन्हें प्राप्त करने के तरीकों को स्वयं तैयार करने के लिए उच्च स्तर की स्वतन्त्रता दी जाती है।

*कथन II* : निरंकुश/एकतंत्रीय नेतृत्व शैली में, अधीनस्थों के साथ सम्प्रेषण केवल एकमार्गीय होता है, वे केवल अपने प्रबन्धकों द्वारा दिए गए आदेशों के अनुसार कार्य करते हैं।

दिए गए कथनों के प्रकाश में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है तथा कथन II सत्य है।

(C) कथन I तथा कथन II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I तथा कथन II दोनों असत्य हैं।

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

**17.** The step of the staffing process in which an employee's current and/or past performance is evaluated against certain pre-determined standards is :

(A) Placement and orientation

(B) Performance appraisal

(C) Promotion and career planning

(D) Recruitment

**18.** Which of the following will require higher working capital ?

(A) Trading organisations

(B) Short processing cycles

(C) High level of competition

(D) Strict credit policy towards debtors

**19.** Read the following statements carefully :

*Statement I :* In democratic leadership style, the followers are given a high degree of independence to formulate their own objectives and ways to achieve them.

*Statement II :* In autocratic leadership style, communication is only one-way, with the subordinates only acting according to the command given by their managers.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statement I and Statement II are true.

(D) Both Statement I and Statement II are false.

**20.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) तथा कारण (R)।

*अभिकथन (A) :* निवेशक जनता शेयर बाज़ार में एक सुरक्षित एवं निष्पक्ष लेनदेन पाती है।

*कारण (R) :* शेयर बाज़ार की सदस्यता उचित ढंग से नियंत्रित होती है और इसके लेनदेन विद्यमान कानूनी ढाँचे के अनुसार सुपरिभाषित होते हैं।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं।

(D) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

**21.** 'प्रीमियर लिमिटेड' एक कपड़ा कम्पनी है जो उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्रों तथा पर्यावरण स्थिरता के प्रति इसकी दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती है। कम्पनी अपने वर्तमान एवं संभावित क्रेताओं की आवश्यकताओं को ध्यानपूर्वक समझकर कपड़ों को डिज़ाइन करती है और प्रभावपूर्ण ढंग से उनकी संतुष्ट करती है। यह मानती है कि लाभ को केवल तभी अधिकतम किया जा सकता है जब सभी निर्णय ग्राहक संतुष्टि को ध्यान में रखकर लिए जाते हैं। ग्राहक की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ, 'प्रीमियर लिमिटेड' समाज के दीर्घकालीन कल्याण के प्रति गहरी चिंता भी दर्शाती है। पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने के लिए कम्पनी जैविक कपास एवं पुन:नवीनीकृत पॉलिएस्टर का उपयोग कर रही है। कचरे को कम करने के लिए, वे एक कार्यक्रम चलाते हैं जहाँ ग्राहक पुराने कपड़े पुन:नवीनीकरण के लिए वापस कर सकते हैं तथा नए कपड़ों पर छूट प्राप्त कर सकते हैं। इतना ही नहीं वे अपने लाभों का एक भाग स्थानीय विद्यालयों में पर्यावरणीय शिक्षा कार्यक्रमों के लिए अलग रखते हैं।

'प्रीमियर लिमिटेड' द्वारा अनुसरण की जाने वाली विपणन प्रबन्ध की दो अवधारणाओं (दर्शनों) को पहचानिए एवं समझाइए। *3*

**22.** (क) वित्तीय नियोजन के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) एक कम्पनी की स्थायी पूँजी आवश्यकताओं का निर्धारण करने वाले किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए। *3*

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R).

*Assertion (A) :* The investing public gets a safe and fair deal on the stock market.

*Reason (R) :* The membership of stock exchange is well regulated and its dealings are well defined according to the existing legal framework.

Choose the correct alternative from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Both Assertion (A) and Reason (R) are incorrect.

(D) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

**21.** 'Premier Ltd.' is a clothing company known for its high quality apparel and strong commitment to environment sustainability. The company designs its clothing after carefully understanding the needs of its present and prospective buyers and satisfying them in an effective manner. It assumes that profit can be maximised only when all decisions are taken from the point of view of customer satisfaction. Along with meeting customer needs, 'Premier Ltd.' also shows a deep concern for the long-term well-being of the society. To reduce environmental pollution, the company is using organic cotton and recycled polyester. For reducing waste, they run a programme where customers can return old clothes for recycling and get a discount on new clothes. Not only this, they keep aside a portion of its profits for environmental education programmes in local schools.

Identify and explain two marketing management philosophies followed by 'Premier Ltd.'. *3*

**22.** (a) State any three points of importance of Financial Planning. *3*

**OR**

(b) State any three factors that determine the requirement of fixed capital of a company. *3*

**23.** 'डीएफ टेलिकॉम लिमिटेड' ने, जो भारतीय बाज़ार के लिए मोबाइल फोन की एक श्रृंखला का उत्पादन करती है, दिसम्बर 2025 के महीने में मोबाइल फोन की 30,000 इकाइयाँ उत्पादित करने का लक्ष्य तय किया। यह वह मानक था जिसके आधार पर वास्तविक निष्पादन को मापा जाएगा। महीने के अंत में, यह पाया गया कि केवल 27,000 इकाइयों का उत्पादन हुआ।

इस कमी से चिंतित सामान्य प्रबन्धक ने उत्पादन प्रबन्धक से समस्या का पता लगाकर उसका समाधान करने के लिए कहा।

उल्लेख कीजिए कि उत्पादन प्रबन्धक को समस्या का पता लगाने व उसका समाधान ढूँढ़ने के लिए कौन-से कदम उठाने होंगे जो प्रबन्ध के कार्यों में से एक कार्य की प्रक्रिया से सम्बन्धित हैं। *3*

**24.** (क) निम्नलिखित आधारों पर 'पूँजी बाज़ार' एवं 'मुद्रा बाज़ार' में अन्तर्भेद कीजिए : *3*

(i) निवेश राशि

(ii) तरलता

(iii) सुरक्षा

**अथवा**

(ख) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के किन्हीं तीन विकासपूर्ण कार्यों का उल्लेख कीजिए। *3*

**25.** (क) व्यावसायिक पर्यावरण के महत्त्व के निम्नलिखित बिन्दुओं को समझाइए : *4*

(i) उपयोगी संसाधनों के दोहन में सहायक

(ii) तीव्रता से हो रहे परिवर्तनों का सामना करने में सहायक

**अथवा**

(ख) वैज्ञानिक प्रबन्ध की निम्नलिखित तकनीकों को समझाइए : *4*

(i) कार्य पद्धति अध्ययन

(ii) कार्य का प्रमापीकरण एवं सरलीकरण

**26.** (क) समन्वय की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) प्रबन्ध के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। *4*

Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** 'DF Telecom Ltd.', which produces a range of mobile phones for the Indian market, set a target to produce 30,000 units of mobile phones in the month of December 2025. This was the benchmark against which actual performance would be measured. At the end of the month, it was found that only 27,000 units were produced.

Concerned with the shortfall, the General Manager asked the Production Manager to find out and resolve the problem.

State the steps related to the process of one of the functions of management which the Production Manager has to take to find out and resolve the problem. *3*

**24.** (a) Differentiate between 'Capital Market' and 'Money Market' on the basis of the following : *3*

(i) Investment outlay

(ii) Liquidity

(iii) Safety

**OR**

(b) State any three development functions of Securities and Exchange Board of India. *3*

**25.** (a) Explain the following points of importance of business environment : *4*

(i) Helps in tapping useful resources

(ii) Helps in coping with rapid changes

**OR**

(b) Explain the following techniques of Scientific Management : *4*

(i) Method study

(ii) Standardisation and simplification of work

**26.** (a) State any four features of coordination. *4*

**OR**

(b) State any four points of importance of management. *4*

Prepp Your Personal Exams Guide

**27.** 'रतन लिमिटेड' तथा 'लारा लिमिटेड' दो कम्पनियाँ हैं और प्रत्येक की विनियोजित पूंजी ₹ 20,00,000 है । 'रतन लिमिटेड' ने अंशों को निर्गमित कर कोष एकत्रित किए हैं जबकि 'लारा लिमिटेड' की पूँजी में 60% समता (₹ 100 प्रत्येक के अंशों में) तथा 40% ऋण (8% ऋणपत्रों से मिलकर बना) है। दोनों कम्पनियों का निवेश पर प्रत्याय 10% है तथा कर दर 40% है।

कारण सहित उल्लेख कीजिए कि कौन-सी कम्पनी अंशधारियों को बेहतर प्रतिफल देगी। अपनी गणनाओं को स्पष्टता से दर्शाइए। *4*

**28.** रिषभ ने ₹ 8,00,000 में एक कार खरीदी। उसने उसी दिन ऐलेक्स इंश्योरेंस कम्पनी से कार का बीमा कराया। रिषभ की कार केडवान में चोरी हो गई, जब वह अपने परिवार के साथ छुट्टी पर था। उसने तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज करवाई, बीमाकर्ता को सूचित किया तथा सभी आवश्यक प्रलेख जमा करा दिए।

रिषभ को बहुत बड़ा झटका लगा, जब बीमा कम्पनी ने उसके दावे को अस्वीकार कर दिया, यह आरोप लगाते हुए कि वह उचित सावधानी रखने में विफल रहा है और उसने कार की पार्किंग बहुत असुरक्षित ढंग से की थी। इसे चुनौती देने का संकल्प लेते हुए, रिषभ ने बीमा कम्पनी को बहुत से पत्र लिखे, परंतु बीमा कम्पनी ने क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए मना कर दिया।

रिषभ ने जिला कमीशन में मुक़दमा दायर कराया। जिला कमीशन शिकायत की यथार्थता से संतुष्ट था और उसने बीमा कम्पनी को उचित राशि के भुगतान का आदेश दिया।

रिषभ द्वारा प्रयोग किए गए दो उपभोक्ता अधिकारों को पहचानिए एवं समझाइए। *4*

**29.** हितेश ने हाल ही में एक वस्त्र निर्माणी कम्पनी आरम्भ की थी। लेकिन, उसने जल्द ही बहुत-सी समस्याओं का सामना करना आरम्भ कर दिया जैसे लक्ष्यों का प्राप्त न होना, प्रबन्धकों के मध्य संघर्ष, श्रम की उच्च आवर्त दर आदि। उसने यह पता लगाने के लिए कि क्या ग़लत हो रहा था, एक प्रबन्ध परामर्शदाता को काम पर रखा। परामर्शदाता ने जाँच-पड़ताल की और निम्नलिखित राय (टिप्पणी) दी : *4*

(i) उत्पादन विभाग में, कामगार उत्पादन प्रबंधक तथा विपणन प्रबन्धक दोनों से आदेश प्राप्त कर रहे थे। परिणामस्वरूप, किए जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में अत्यधिक भ्रांति थी।

(ii) पदोन्नति केवल महिला कर्मचारियों को दी जा रही थी। अन्य कर्मचारियों को कम्पनी में पदोन्नति के समान अवसर नहीं मिल रहे थे।

फेयोल द्वारा दिए गए प्रबन्ध के उन दो सिद्धान्तों को पहचानिए एवं समझाइए जिनका पालन हितेश की कम्पनी में नहीं किया जा रहा है।

prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** 'Ratan Ltd.' and 'Lara Ltd.' are two companies with each having a capital employed of ₹ 20,00,000. 'Ratan Ltd.' had raised funds by issuing shares whereas 'Lara Ltd.'s' capital has 60% equity (in shares of ₹ 100 each) and 40% debt (comprising of 8% debentures). Both the companies have a Return on Investment of 10% and the tax rate is 40%.

State with reason which company will be able to give a better return to the shareholders. Show your calculations clearly. *4*

**28.** Rishabh purchased a car for ₹ 8,00,000. He insured the car on the same day from Alex Insurance Company. Rishabh's car was stolen in Kedwan while he was on vacation with his family. He promptly filed a First Information Report (FIR), informed the insurer and submitted all the required documents.

To Rishabh's shock, the insurance company rejected his claim, alleging he had failed to take due care and had parked the car in an unsafe manner. Determined to challenge this, Rishabh wrote multiple letters to the insurance company, but the insurance company refused to pay the compensation.

Rishabh filed a case with District Commission. The District Commission was satisfied with the genuineness of the complaint and ordered the insurance company to pay a reasonable amount.

Identify and explain two consumer rights which have been exercised by Rishabh. *4*

**29.** Hitesh started a garment manufacturing company recently. However, he soon began facing several problems like targets not met, conflicts among managers, high labour turnover, etc. He hired a management consultant to find out what was going wrong. The consultant conducted investigations and gave the following observations : *4*

(i) In Production Department, workers were receiving instructions from both, the Production Manager and the Marketing Manager. As a result, there was a lot of confusion regarding tasks to be done.

(ii) Promotions were given only to women employees. Other employees did not get equal opportunities in the company to rise.

Identify and explain the two principles of management given by Fayol which are not being followed in Hitesh's company.

**30.** 'एएल पब्लिक स्कूल' के कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए एक विदाई समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया। एक कोर टीम का गठन किया गया और विचार-मंथन के बाद विभिन्न क्रियाओं की पहचान की गई जिन्हें इस कार्य के लिए निष्पादित किया जाना आवश्यक था। यह निर्णय लिया गया कि अल्पाहार, ध्वनि और संगीत, टेंट, उपहार, आमंत्रण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्थाएँ करनी होंगी। इसके बाद विद्यार्थियों ने कार्य को प्रबन्धनीय गतिविधियों में विभाजित किया ताकि कार्य की पुनरावृत्ति को रोका जा सके तथा कार्य का बोझ विभाजित हो जाए।

विद्यार्थी बहुत उत्साहित थे कि वे स्वयं पूरे कार्य का प्रबन्धन कर रहे थे। *4*

(i) कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने संगठन-प्रक्रिया के एक कदम को निष्पादित किया। कदम को पहचानिए।

(ii) संगठन-प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा निष्पादित किए जाने के लिए आवश्यक अगले तीन कदमों का उल्लेख कीजिए।

**31.** 'नोवल स्टोर्स' किराना दुकानों की एक श्रृंखला है जिसने उपभोक्ता संतुष्टि के आधार पर अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। यह अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए जानी जाती है जिसमें विस्तृत विविधता सहित बेकरी, डेयरी उत्पाद तथा पकाने के लिए तैयार खाने की किट आदि सम्मिलित हैं, जो विभिन्न ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। स्टोर नियमित रूप से ग्राहकों से प्रतिक्रिया लेता है और उसी के अनुसार माल का स्टॉक करता है।

स्टोर ग्राहकों के बीच अपनी आकर्षक योजनाओं जैसे 'एक खरीदिए एक मुफ्त पाइए' प्रस्ताव तथा साप्ताहिक छूट आदि के लिए प्रसिद्ध है, जिनका विज्ञापन इनकी वेबसाइट पर किया जाता है।

एक बार जब माल निर्मित हो जाता है, तो उसे पैक किए जाने, ब्राण्ड किए जाने तथा प्रवर्तन के पश्चात 'नोवल स्टोर्स' इनको सही स्थान पर, सही मात्रा में एवं सही समय पर ग्राहकों को उपलब्ध कराने का आश्वासन देता है। ग्राहक ऑनलाइन आदेश दे सकते हैं और अपने घर पर सुपुर्दगी का चयन कर सकते हैं अथवा एक चुने गए समय पर स्टोर से भी उठा सकते हैं। परिणामस्वरूप, 'नोवल स्टोर्स' के आगम में प्रति वर्ष वृद्धि हो रही है और लाभ बढ़ रहे हैं।

उपर्युक्त स्थिति में विपणन मिश्र के जिन तत्त्वों पर प्रकाश डाला गया है उन्हें पहचानिए एवं समझाइए। *6*

**32.** (क) प्रबन्ध के निर्देशन कार्य के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को समझाइए। *6*

**अथवा**

(ख) सम्प्रेषण की किन्हीं चार मनोवैज्ञानिक बाधाओं को समझाइए। *6*

**30.** The students of class 11 of 'AL Public School' decided to host a farewell party to students of class 12. A core team was formed that brainstormed and identified various activities that needed to be performed for the same. It was decided that the arrangements for refreshments, sound and music, tentage, gifts, invitations and cultoural programme are required to be made. The students then divided the work into manageable activities so that duplication is avoided and burden of work is shared.

The students were excited that they were managing the whole event themselves. *4*

(i) The students of class 11 have performed one of the steps in the process of organising. Identify the step.

(ii) State the next three steps that the students need to perform to complete the process of organising successfully.

**31.** 'Novel Stores' is a chain of grocery stores that has built its reputation on customer satisfaction. It is known for its high-quality products, including a wide variety of bakery, dairy products and ready-to-cook meal kits, etc. catering to diverse customer needs. The store regularly takes feedback from the customers and stocks items accordingly.

The store is popular among the customers for its attractive schemes such as 'buy one get one free' offers and weekly discounts, etc. which are advertised on its website.

Once the goods are manufactured, packaged, branded and promoted, 'Novel Stores' ensures that they are made available to customers at the right place, in the right quantity and at the right time. Customers can place orders online and choose to get them delivered at their home or pick them up from the store at a selected time. As a result, the revenues of 'Novel Stores' are growing every year and profits are increasing.

Identify and explain the elements of marketing mix highlighted in the above case. *6*

**32.** (a) Explain any four points of importance of directing function of management. *6*

**OR**

(b) Explain any four psychological barriers of communication. *6*

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

**33.** 'यमी फूड्स', एक तेज़ी से बढ़ती हुई स्नैक्स श्रृंखला, पिछले 13 वर्षों से इस व्यवसाय में है। यह समझते हुए कि पौष्टिक आहार की माँग बहुत तेज़ी से बढ़ रही है, कम्पनी ने स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स के क्षेत्र में प्रवेश की योजना बनाई। उन्होंने इस क्षेत्र में अनुभव-प्राप्त विपणन प्रबन्धक को काम पर रखने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने एक अग्रणी समाचार-पत्र में विज्ञापन दिया और 200 से अधिक आवेदन-पत्र प्राप्त किए।

मानव संसाधन प्रबन्धक ने ध्यानपूर्वक सभी आवेदन-पत्रों को देखा और उन आवेदकों के आवेदन-पत्रों को रद्द कर दिया, जिनके पास आधारभूत योग्यताएँ नहीं थीं। नौकरी की आवश्यकताओं के अनुरूप न होने वाले उम्मीदवारों को छाँटने के लिए संक्षिप्त परिचयात्मक बातचीत भी आयोजित की गई। उसके बाद चुने गए उम्मीदवारों को एक परीक्षा देने के लिए कहा गया जिससे उनकी बुद्धिमत्ता, व्यक्तिगत विशेषताओं आदि का मापन कर सकें। वे उम्मीदवार जिन्होंने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया, उन्हें कार्य पर उनकी उपयुक्तता के मूल्यांकन के लिए एक औपचारिक गहन बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया। एक उम्मीदवार को नियुक्तिपत्र के माध्यम से विपणन प्रबन्धक की भूमिका के लिए नियुक्ति की तिथि का उल्लेख करते हुए नौकरी-प्रस्ताव दिया गया।

लेकिन नौकरी-प्रस्ताव देने से पहले, 'यमी फूड्स' ने चयन-प्रक्रिया के तीन चरणों का निष्पादन किया जिनकी चर्चा उपर्युक्त में नहीं की गई है।

चरणों को पहचानिए एवं समझाइए। *6*

**34.** (क) अंतरण के महत्त्व के निम्नलिखित बिन्दुओं को समझाइए : *6*

(i) कर्मचारियों का विकास

(ii) कर्मचारियों को प्रेरणा

(iii) प्रभावी प्रबंध

**अथवा**

(ख) नियोजन के महत्त्व के निम्नलिखित बिन्दुओं को समझाइए : *6*

(i) नियोजन निर्देशन की व्यवस्था करता है

(ii) नियोजन अतिव्यापित तथा अपव्ययी क्रियाओं को कम करता है

(iii) नियोजन नियंत्रण के मानकों का निर्धारण करता है

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** 'Yummi Foods', a fast-growing snacks chain has been in business for the last 13 years. Realising that there is a growing demand for nutritious food, the company planned to enter the healthy snacks segment. They decided to hire a Marketing Manager with an experience in this segment. For this, they gave an advertisement in a leading newspaper and received more than 200 applications.

The Human Resource Manager carefully went through all the application forms and removed the application forms of those applicants who did not meet the basic qualifications. Short introductory interactions were also held to filter out candidates who did not match the job requirements. The shortlisted candidates were then asked to take a test designed to measure their intelligence, personality traits, etc. Candidates who performed well in the test were invited for a formal in-depth conversation to be evaluated on their suitability for the job. A job offer was made to a candidate for the role of a Marketing Manager through an appointment letter mentioning the joining date.

But before the job offer was made, 'Yummi Foods' had performed three steps in the process of selection which are not mentioned above.

Identify and explain the steps. *6*

**34.** (a) Explain the following points of importance of delegation : *6*

(i) Employee development

(ii) Motivation of employees

(iii) Effective management

**OR**

(b) Explain the following points of importance of planning : *6*

(i) Planning provides directions

(ii) Planning reduces overlapping and wasteful activities

(iii) Planning establishes standards for controlling